# कार्यालय : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोटा

**Contact/Fax: 0744-2940015 E-mail: dlsa26kota@gmail.com**

क्रमांकः 28 दिनांकः 12.01.26

## विज्ञप्ति

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला कोटा की तालुका कनवास/पंचायत समिति सांगोद पर 04 पी0एल0वी0 की आवश्यकता है। इस प्रकार कोटा जिले हेतु कुल 04 पी0एल0वी0 की आवश्यकता है। इस हेतु संबंधित क्षेत्र में निवासरत व्यक्तियों को अस्थायी रूप से पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स लगाया जाना है। पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स के रूप में कार्य करने के इच्छुक पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

**पात्रताः**—पैरा लीगल वालेन्टियर के लिए अभ्यर्थी को कम से कम दसवी उर्त्तीण होना चाहिए।
**आयुः**— आवेदक की आयु 18 से 65 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।
**नोटः**— पैरा लीगल वॉलेन्टियर के लिए निम्न श्रेणी के व्यक्ति आवेदन कर सकते है—

1. सरकारी/अर्द्ध सरकारी संगठन/निगम/सार्वजनिक क्षैत्र के उपक्रमों के सेवानिवृत कर्मचारी।
2. अध्यापक (सेवा निवृति सहित)।
3. सेवानिवृत राज्य कर्मचारी एवं सीनियर सिटीजन।
4. M.S.W. (मास्टर इन सोशल वर्क) के विद्यार्थी एवं अध्यापक।
5. आगनबाडी कार्यकर्ता।
6. डाक्टर्स।
7. विधि के विद्यार्थी (उनके वकालत में आने तक)।
8. गैर सरकारी संस्थान/क्लब के सदस्य ऐसे व्यक्ति जो राजनिति से जुडे ना हो।
9. महिला संगठनों के सदस्य, महिला स्वंय सहायता समूह के सदस्य।
10. ऐसा शिक्षित कैदी जिसका व्यवहार अच्छा हो एवं जेल में लम्बे समय से सेवाएं दी हो।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रत्येक पैरा लीगल वॉलेन्टियर्स को, उनको सौपें गये कार्य के एवज में कार्यदिवस की संख्या के अनुसार माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा निर्धारित मानदेय देय होगा तथा इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार का मासिक भुगतान देय नही होगा। स्थानीय निवासी के सत्यापन बाबत् आवेदनकर्ता अपना आधार कार्ड, एवं राशन कार्ड आदि की सत्य प्रति संलग्न करें।

**चयन प्रकियाः**—आवश्कतानुसार पैरालीगल वॉलेन्टियर्स की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर साक्षात्कार द्वारा व्यक्तियों का चयन किया जावेगा। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र संलग्न निर्धारित प्रारूप में मय अण्डरटेंकिग डाक के माध्यम से अथवा व्यक्तिशः इस कार्यालय (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोटा) में या संबंधित तालुका विधिक सेवा समिति, कनवास के कार्यालय में कार्य दिवस में उपस्थित होकर दिनांक 27.01.2026 को सायः 05:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। सबन्धित आवेदको को साक्षात्कार की तिथि एवं समय बाबत् इस कार्यालय द्वारा जरिए दूरभाष/ई—मेल द्वारा पृथक से सूचित कर दिया जायेगा। साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियो को किसी प्रकार का भुगतान देय नही होगा। अभ्यार्थीगण जिला न्यायालय की वेबसाईट https://kota.dcourts.gov.in/ पर ही इस बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करें।

संलग्नः— आवेदन का प्रारूप मय अण्डरटेंकिग।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
(अतिरिक्त जिला न्यायाधीश)
कोटा

क्रमांकः 1134 – 1143 दिनांकः 12.01.26

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. श्रीमान् सदस्य सचिव महोदय, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर।
2. अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति कनवास।
3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद कोटा।
4. ब्लॉक विकास अधिकारी पंचायत समिति सांगोद।
5. ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी सांगोद।
6. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कोटा।
7. नोटिस बोर्ड जिला एवं सैशन न्यायालय कोटा।
8. नोटिस बोर्ड कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा।
9. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सैंशन न्यायालय कोटा। (विज्ञप्ति मय प्रारूप न्यायलय की वेबसाईट https://kota.dcourts.gov.in/ पर अपलोड करने बाबत्)।
10. रक्षित पत्रावली।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
(अतिरिक्त जिला न्यायाधीश)
कोटा

# कार्यालय : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोटा

Contact/Fax: 0744-2940015 E-mail: dlsa26kota@gmail.com

## पैरा लीगल वॉलेन्टियर(पी0एल0वी0) के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

| अभ्यर्थी का हस्ताक्षरयुक्त नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

1. नाम आवेदक :...........................................................................
2. पिता / पति का नामः...........................................................................
3. विवाहित / अविवाहितः...........................................................................
   (विवाहित होने की स्थिति मे पति / पत्नी का नाम लिखें।)
4. पति / पत्नी का नाम...........................................................................
   (विवाहित होने की स्थिति में पति / पत्नी का नाम लिखें।)
5. जातिः ...........................................................................
6. संवर्ग– सामान्य / अ0जा0 / अ0ज0जा0 / अ0पि0व0...........................................
   (जिस संवर्ग से संबंधित हो वो लिखे)
7. स्थायी पता मय दूरभाष / मोबाईलः ...........................................................................
8. ई–मेल आई0डी0...........................................................................
9. वर्तमान पता...........................................................................
   ...........................................................................
10. स्थानीय पंचायत समिति का नाम ...........................................................................
    ...........................................................................
11. पडौस की पंचायत समिति का नामः...........................................................................
    ...........................................................................
12. आवेदक पी0एल0वी0 के रूप में ...........................................................................
    जिस स्थान / क्षेत्र में स्वेच्छा से कार्य करना चाहता है, तालुका कनवास (पंचायत समिति सांगोद)
13. निकटतम पुलिस स्टेशन...........................................................................
14. जन्म तिथि...........................................................................
    (अंको में)
    (शब्दो में)...........................................................................
15. वर्तमान आयु...........................................................................
    (दिनांक .....................को)
16. शैक्षणिक योग्यता...........................................................................
17. यदि आवेदक सेवानिवृत कर्मचारी है...........................................................................
    तो किस पद से सेवानिवृत हुए
18. आवेदक के विरूद्ध कोई फौजदारी...........................................................................
    प्रकरण लंबित है अथवा नही, यदि...........................................................................
    है तो पूर्ण विवरण...........................................................................

Contact/Fax: 0744-2940015 E-mail: dlsa26kota@gmail.com

19. यदि आवेदक ने पूर्व में किसी........................................................................................................

संस्था के साथ कार्य किया है........................................................................................................

तो संक्षिप्त विवरण दें (हाँ / नहीं)

20. कम्प्यूटर ज्ञान (हॉ / नहीं)..............................................................................................................

संलग्नः–

1. निवास सत्यापन हेतु राशन कार्ड / आधार कार्ड / मतदाता पहचान पत्र / मूल निवासी की प्रति।
2. अन्य पहचान पत्र की प्रति।
3. शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव से संबंधित दस्तावेजो की प्रति।

(आवेदक के हस्ताक्षर मय दिनांक)

## अण्डर टेकिंग

मैं...........................................................................पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री.................................................. जाति.................निवासी...........................................................सत्यापित करता / करती हूँ कि आवेदन पत्र में अंकित सभी तथ्य मेरी निजी जानकारी में सत्य है तथा मैं................................ स्थान.........................................{तालुका विधिक सेवा समिति कनवास (पंचायत समिति सांगोद)} पी0एल0वी0 के रूप में कार्य करने के लिए इच्छुक हूँ। मैं किसी भी राजनैतिक संस्था एवं वकालत क्षेत्र से जुड़ा हुआ / जुडी हुई नहीं हूँ। यदि जांच करने पर गलत पाया जाये तो मेरी पैरा लीगल वॉलेन्टियर की नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी। मुझे सुपुर्द किये गये कार्य में लापरवाही पाये जाने पर एवं अन्य कारणों से कभी भी मुझे बिना नोटिस दिए हटाया जा सकेगा, जिसके लिए मै कोई आपत्ति नही करूगां / करूगीं। यह अण्डरटेकिंग मैने सोच समझकर दी है।

(आवेदक के हस्ताक्षर मय दिनांक)